मेरी बिगड़ी बनाना तेरा काम है

मां तेरे दर पर आना मेरा काम है,
मेरी बिगड़ी बनाना तेरा काम है....

दर पर सर को झुकाना मेरा काम है,
और गले से लगाना तेरा काम है,
मां तेरे दर पर आना मेरा काम है.....

मैंने मन को तो मंदिर बना ही लिया,
इसमें ज्योति जलाना तेरा काम है,
मां तेरे दर पर आना मेरा काम है.....

मैंने तुमको तो अपना बना ही लिया,
मुझको अपना बनाना तेरा काम है,
मां तेरे दर पर आना मेरा काम है.....

मैंने झोली फैलाई तेरे सामने,
दान भक्ति का देना तेरा काम है,
मां तेरे दर पर आना मेरा काम है.....

तेरी राहों में मेरे कदम पड़ गए हैं,
काँटों से बचाना तेरा काम है,
मां तेरे दर पर आना मेरा काम है.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27221/title/meri-bigdi-banana-tera-kaam-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |